# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 परिसीमन पर न करें जल्दबाजी : खड़गे



6 नेपाल में भयावह जलप्रलय से सीख ले भारत



7 एमपी का वाहन बाजार त्योहारों के रंग में




8 नीदरलैंड और अर्जेंटीना फिर वर्ल्ड कप फाइनल में

## नेपाल महाप्रलय : 21 भारतीय दिल्ली पहुंचे, 85 सुरक्षित, 320 लापता

# सैलाब के संकट में जीवन की तलाश

**काठमांडू, 28 अगस्त (एजेंसी). नेपाल और तिब्बत में ग्लेशियल झील फटने के बाद आई विनाशकारी बाढ़ से हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं. शुक्रवार सुबह तिब्बत में झील दबाव बढ़ने के कारण फिर फूट गई. जिससे अचानक बाढ़ के नए खतरे को देखते हुए नेपाल में करीब तीन घंटे तक राहत एवं बचाव अभियान रोक दिया गया.**


इस बीच विदेश मंत्रालय के अनुसार 21 भारतीय दिल्ली पहुंच गए. 85 नेपाल में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित हैं, जबकि 320 लोगों से अब संपर्क नहीं हो पा रहा है. इधर आपदा में 579 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 1900 लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं. लापता लोगों में 537 विदेशी नागरिक, 45 नेपाली सेना के जवान और 41 नेपाल पुलिसकर्मी शामिल हैं. दूसरी ओर तिब्बत में पांच लोगों की मौत हुई है और 558 लोग लापता हैं. वहां लापता लोगों में 260 विदेशी नागरिक शामिल बताए गए हैं. लगातार बदलते मौसम और ऊपरी क्षेत्रों में झीलों के बढ़ते जलस्तर ने बचाव अभियान के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है.





**579** पर पहुंचा मौत आंकड़ा **1900** से ज्यादा लोगों से संपर्क नहीं

### त्रासदी में विदिशा की स्वाती बागरेचा भी लापता



नेपाल में हुई भीषण त्रासदी के बीच विदिशा की रहने वाली स्वाती बागरेचा के लापता होने की खबर सामने आई है. स्वाती शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केसी बागरेचा की बेटी हैं और कनाडा में रहती हैं. वह कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए भारत आई थीं और सद्गुरु ग्रुप के साथ यात्रा पर निकली थीं. त्रासदी के बाद से परिजनों का उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है. परिजनों का कहना है कि जिस दिन नेपाल में भीषण त्रासदी हुई, उसी दिन से स्वाती से उनका संपर्क टूट गया. परिवार ने उनसे संपर्क करने और उनके बारे में जानकारी जुटाने की काफी कोशिश की, लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है. स्वाती के परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय प्रशासन और आम लोगों से मदद की अपील की है. परिवार का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को स्वाती बागरेचा के बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वह तत्काल परिजनों से संपर्क करे.

### घाटियां मलबे में तब्दील

ग्यिरोंग क्षेत्र में ग्लेशियल झील फटने के बाद बाढ़ ने व्यापक तबाही मचाई थी. दोभान क्षेत्र ग्यिरोंग से करीब छह किलोमीटर दूर है. बाढ़ का पानी और मलबा कई इलाकों में घुस गया, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है.

### भारत ने भेजी राहत

भारत ने नेपाल को राहत सामग्री, मेडिकल सहायता, बेली ब्रिज और जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ की मदद देने की तैयारी की है. दो राहत विमान नेपाल पहुंच चुके हैं और तीसरे विमान को भेजने की प्रक्रिया जारी है.

# मोदी के सामने छलका सांसदों का दर्द

## मंत्री ताकतवर, जनता और एमपी को कुछ नहीं समझते

**नवभारत ब्यूरो**

**दिल्ली, 28 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पार्टी और सर्कार को लेकर सांसदों से उनकी राय- उनके विचार हासिल करते रहते हैं.**

ऐसे ही एक हालिया बैठक के दौरान उनसे मिलने वाले सांसदों ने उन्हें बताया कि कई मंत्री अपने को इतना ताकतवर समझते हैं कि वे जनता तो क्या उन्हें और उनके जैसे अन्य सांसदों को भी कुछ नही समझते हैं. इसमें महाराष्ट्र से आने वाले एक नेता भी शामिल है. जो हाल के समय तक राज्यसभा सांसद हुआ करते थे. सांसदों ने यह भी कहा कि खासकर अंग्रेजी पृष्ठभूमि से आने वाले मंत्री की ओर से हिंदी प्रदेशों से और हिंदी बोलने वाले सांसदों से इस तरह बर्ताव किया जाता है कि जैसे वह दूसरे ग्रह से आए हो. यह कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन सांसदों की बात ध्यान से सुनी और उनको आश्वस्त किया कि वह इन समस्याओं को जल्द हल करेंगे. सूत्रों के मुताबिक इन सांसदों ने अपनी आवाज संगठन के अंदर भी उठाई थी. लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई. यही वजह है कि जब उनको प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिला तो उन्होंने अपनी बात वहां पर रखने का कार्य किया. सांसदों से मंत्रियों को लेकर यह फीडबैक ऐसे समय में आया, जब यह माना जा रहा है कि भाजपा और जनता के बीच दूरी बढ़ रही है. सरकार के शीर्ष नेताओं के लगातार सक्रिय रहने के बावजूद उनकी मंत्रीयों की हाई- फाई लाइफ से जनता भाजपा से दूर हो रही है.

### गिलानी बने पीओके के प्रधानमंत्री

**मुजफ्फराबाद.** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में राजनीतिक उठापटक के बीच पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के बैरिस्टर इफ्तिखार अली गिलानी को प्रधानमंत्री चुन लिया गया. गिलानी खुद प्रत्यक्ष चुनाव में अपनी सीट हार गए थे. इसके बाद उन्हें टेक्नोक्रेट के लिए आरक्षित सीट के जरिए विधानसभा में प्रवेश दिलाया गया और अब प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाया गया है. मुजफ्फराबाद में हुई विधानसभा की बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए गिलानी को 30 वोट मिले, वे बढ़त के साथ नए पीएम बन गए हैं.



# ओवरब्रिज पर स्लीपर बस दीवार से टकराई, 4 मरे

- मृतकों में कर्नाटक के साइबर इंस्पेक्टर भी शामिल
- हादसे में 12 से अधिक यात्री घायल

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा (राजगढ़), 28 अगस्त. ब्यावरा शहर के भोपाल बायपास ओवरब्रिज पर शुक्रवार सुबह करीब 8.30 बजे बड़ा हादसा हो गया.**

लखनऊ-कानपुर से इंदौर जा रही स्लीपर बस क्रमांक एनएल 01 बी 3436 अनियंत्रित होकर ब्रिज की सेफ्टी वॉल और डिवाइडर से टकरा गई. टक्कर इतनी तेज थी कि बस के स्लीपर कोच की खिड़कियां टूट गईं और बर्थ पर सो रहे यात्री ब्रिज से नीचे और सड़क पर जा गिरे. हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक यात्री घायल हो गए. मृतकों में कर्नाटक के बेंगलुरु में पदस्थ साइबर क्राइम इंस्पेक्टर भी शामिल हैं. हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान रवि केबी (45) पिता बसप्पा निवासी बेंगलुरु, विकास पिता अवध नारायण शुक्ला निवासी फतेहपुर यूपी, ज्योतिरादित्य सिंह पिता विक्रम सिंह गोड निवासी बिजवाड़ और बेलाल अली पिता कलीमुल्लाह निवासी गोपालगंज बिहार के रूप में हुई है.

### घुमावदार पुल बना हादसों का ब्लैक स्पॉट

ब्यावरा का भोपाल बायपास ओवरब्रिज लगातार हादसों का कारण बन रहा है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पुल शुरू से ही घुमावदार बना हुआ है और मोड़ पर सेफ्टी वॉल व डिवाइडर की ऊंचाई और डिजाइन वैज्ञानिक नहीं है. तेज रफ्तार वाहनों के लिए यहां अचानक टर्न आ जाता है, जिससे वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं.

## एक नजर में

### सोनिया गांधी की आत्मकथा पर विवाद

**नई दिल्ली.** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की आत्मकथा 'अपनापन प्यार का सफर' को लेकर प्रकाशन से जुड़ा विवाद सामने आया है. पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने स्पष्ट किया कि भारत में इस पुस्तक की प्रकाशक वह नहीं है. कंपनी की यह प्रतिक्रिया उन खबरों के बीच आई है, जिनमें दावा किया गया था कि सोनिया गांधी ने किताब में संपादकीय बदलाव स्वीकार नहीं किए और इसी वजह से प्रकाशक ने इसे प्रकाशित करने से कदम पीछे खींच लिए.

### लैंडिंग के वक्त फटा विमान का टायर

**बिलासपुर.** बिलासपुर स्थित बिलासा देवी केवट हवाई अड्डे पर दिल्ली से पहुंची अलायंस एयर की फ्लाइट की लैंडिंग के दौरान बड़ा हादसा टल गया. अलायंस एयर की फ्लाइट 91697 ने सुबह 10.55 बजे दिल्ली से बिलासपुर के लिए उड़ान भरी थी. एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद विमान लैंड कर रहा था. इसी दौरान टायर फटने से अचानक स्थिति बिगड़ गई. हालांकि, पायलट ने तुरंत स्थिति पर नियंत्रण पाया. विमान को सुरक्षित तरीके से रोकने के बाद एयरपोर्ट का फायर और रेस्क्यू दल भी मौके पर पहुंच गया.

### प्रधानमंत्री ने बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर स्कूली छात्राओं के साथ रक्षाबंधन मनाया. मोदी ने बच्चों से बातचीत कर और गर्मजोशी से उनका अभिवादन किया. पीएम मोदी ने समारोह का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा—व्हाई-फाइव, मुस्कानें और भी बहुत कुछ. ज् एक बच्ची ने जब उनसे बचपन के सपने के बारे में पूछा तो पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया—आप लोगों से मिलने का.

# पीओके पर पाक का नया पैतरा

## संविधान संशोधन से राज्य का दर्जा देने की तैयारी

**इस्लामाबाद, 28 अगस्त. पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान की संवैधानिक स्थिति में अहम बदलाव है. दोनों क्षेत्रों को अंतरिम तौर पर राज्य जैसी संवैधानिक पहचान देने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है.**

प्रस्ताव को 28वें संविधान संशोधन के माध्यम से आगे बढ़ाने या इसके लिए अलग कानून बनाने की संभावना पर मंथन हो रहा है. मौजूदा व्यवस्था में पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान को पाकिस्तान के चार प्रांतों पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की तरह संविधान में शामिल नहीं किया गया है. इसी वजह से इन दोनों इलाकों की प्रशासनिक और संवैधानिक व्यवस्था देश के अन्य प्रांतों से अलग है. अब प्रस्तावित बदलाव के तहत इन्हें सीमित या अंतरिम आधार पर ऐसी पहचान देने की बात सामने आई है, जो काफी हद तक प्रांतों के समान हो सकती है. पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 1(2) में देश के उन क्षेत्रों का उल्लेख है जिन्हें पाकिस्तान का हिस्सा माना गया है.

# एनटीए में नीट पेपर लीक के बाद बड़ा फेरबदल

### 2 डायरेक्टर और 1 जॉइंट डायरेक्टर नियुक्त

**नई दिल्ली, 28 अगस्त. केंद्र सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में दो डायरेक्टर और एक जॉइंट डायरेक्टर की नियुक्ति की है.**

कार्मिक मंत्रालय की ओर से 27 अगस्त को जारी आदेशों के अनुसार, आईपीएस रवि कुमार सिंह और आईएएस प्रसन्ना वेंकटेश वी को एनटीए में डायरेक्टर बनाया गया है. वहीं, आईआरएस अमित समदरिया को जॉइंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है. एनटीए देशभर में कई प्रमुख प्रवेश और पात्रता परीक्षाओं के आयोजन से जुड़ी केंद्रीय संस्था है. पिछले कुछ समय में एजेंसी को नीट-यूजी पेपर लीक और परीक्षा संचालन से संबंधित विभिन्न विवादों के चलते आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था. अधिकारियों को तीन सप्ताह में जिम्मेदारी संभालने कहा गया है. आदेश में कहा गया है कि तय अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं किया तो डिबार कर दिए जाएंगे.

# किशोरों से दूरी बनाएगा मेटा

### अमेरिकी राज्यों के जुर्माने के बाद उठाए कदम

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 28 अगस्त. सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने किशोर उपयोगकर्ताओं के फेसबुक सुरक्षित तथा कम लत लगाने वाला बनाने की दिशा में नए उपाय शुरू किए हैं.**

यह कदम ऐसे समय आया है जब कंपनी ने 26 अगस्त को अमेरिका के कई राज्यों के साथ करीब 18 अरब डॉलर के समझौते पर सहमति जताई. यह रकम 10 वर्षों में वार्षिक किस्तों के रूप में दी जाएगी. समझौते के साथ कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म पर किशोरों के लिए पहले से मौजूद सुरक्षा सुविधाओं को मजबूत करने और नए नियंत्रण लागू करने की घोषणा की है. यह मामला कैलिफोर्निया समेत अमेरिका के 28 अन्य राज्यों द्वारा दायर मुकदमे से जुड़ा था. राज्यों की ओर से आरोप लगाया गया था कि फेसबुक और इंस्टाग्राम बच्चों के लिए नुकसानदायक हैं और कंपनी ने उनकी व्यक्तिगत जानकारी अवैध तरीके से एकत्र की.

# मां-गर्भस्थ शिशु की मौत पर बवाल

- दो चिकित्सक और दो नर्सिंग ऑफिसर निलंबित
- उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में श्रीमती कल्पना मिश्रा एवं उनके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं.**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा है कि मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ संवेदनशील एवं



सम्मानजनक व्यवहार और निर्धारित चिकित्सकीय प्रोटोकॉल का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है. जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर तथ्यों के अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक प्रावधान किए जाएंगे. प्रथम दृष्टया प्राप्त शिकायत एवं संबंधित तथ्यों के आधार पर दो चिकित्सा शिक्षकों और दो नर्सिंग ऑफिसरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. जांच के निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि श्रीमती कल्पना मिश्रा पति अमित मिश्रा, निवासी ग्राम हटवा, थाना बैकुण्ठपुर, जिला रीवा को गांधी स्मारक चिकित्सालय, रीवा के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में 26 अगस्त को प्रात: लगभग 2.38 बजे भर्ती कराया गया था. उपचार के दौरान उसी दिन रात्रि 11.55 बजे उनकी एवं उनके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो गई.

**सर्वे** देश में अभी लोकसभा चुनाव हुए तो इंडिया ब्लॉक को होगा फायदा, छह माह में बदला जनमानस

# छात्र आंदोलन से सरकार को लगा झटका

**नई दिल्ली, 28 अगस्त. अगर लोकसभा चुनाव होते हैं, तो बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को लोकसभा में 543 में से 326 सीटें मिल सकती हैं. सर्वे के अनुसार, एनडीए अभी भी मजबूत स्थिति में है. हालांकि, उसकी लोकप्रियता में कमी के संकेत भी दिख रहे हैं. अभी चुनाव हुए बीजेपी को 261 सीटें मिल सकती हैं.**

साल 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए ने 293 सीटें



जीती थीं. खुद बीजेपी की सीटें 303 से घटकर 240 हो गई थीं. एनडीए अपने 12वें साल में है. जनवरी में सर्वे में एनडीए को 352 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था. इस बार का अनुमान पिछले सर्वे से 26 सीटें कम है. जनवरी के सर्वे की तुलना में इंडिया ब्लॉक की सीटों में कोई खास बढ़ोतरी होने की संभावना नहीं है.

इस सर्वे में कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 185 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है, वहीं जनवरी में 182 सीटों का अनुमान लगाया गया था. वोट शेयर के मामले में, एनडीए को जनवरी के सर्वे (47प्रतिशत) से मामूली गिरावट (45.1प्रतिशत) देखने की संभावना है.

### 22 प्रतिशत वोटर जेन-जी

अगले साल 7 राज्यों- उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव होने हैं. इन चुनावों में जेन-जी यानी 18 से 29 साल के मतदाता अहम भूमिका निभा सकते हैं. इसके पीछे दो बड़ी वजहें हैं. पहली, जुलाई में दिल्ली में हुआ जेन-जी आंदोलन, जिसने युवाओं के राजनीतिक रुझान को लेकर नई बहस छेड़ी. दूसरी, बिहार के बांकीपुर और मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव के चौंकाने वाले नतीजे, जिनसे युवाओं की चुनावी भूमिका पर चर्चा तेज हुई है. इन 7 चुनावी राज्यों में करीब 22प्रतिशत मतदाता 18 से 29 साल की उम्र के हैं.

### मॉडल हत्याकांड में 'टॉक्सिक रिलेशनशिप' बना कारण

**नई दिल्ली.** पश्चिमी दिल्ली के ओल्ड महावीर नगर में 21 वर्षीय फैशन कंटेंट क्रिएटर और मॉडल मुस्कान शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने रिश्ते से जुड़े कई पहलुओं की जांच शुरू कर दी है. आरोपी इमरान और मुस्कान के बीच संबंधों में लंबे समय से तनाव था. जांच में लगातार विवाद, उत्पीड़न और चीटिंग के आरोप हैं. घटना के दिन मुस्कान घर में अकेली थीं, जब इमरान मिलने आया था. दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ.

# भाजपा ने शुरू की झूठ की गूंज

## राहुल के अभियान पर भाजपा का पलटवार

**नवभारत न्यूज**

**नई दिल्ली, 28 अगस्त. राहुल गांधी की 'छात्रों की गूंज' मुहिम के जवाब में भारतीय जनता पार्टी ने 'झूठ की गूंज' नाम से एक वेबसाइट लॉन्च की है.**

बीजेपी का दावा है कि इस प्लेटफॉर्म के जरिए राहुल गांधी और कांग्रेस की ओर से किए गए दावों की तथ्यों के आधार पर पड़ताल की जा रही है. बीजेपी सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक्स पर 'झूठ की गूंज' वेबसाइट का लिंक साझा किया. उन्होंने राहुल गांधी



पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार आरोप लगाने और गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया. त्रिवेदी ने कहा कि वेबसाइट राहुल गांधी के दावों की एक-एक करके सच्चाई सामने लाने का काम कर रही है.

समारोह ▶ मानस भवन में अंतर्राष्ट्रीय खेल सितारें करेंगे प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित

# महाकौशल खेल रत्न अलंकरण समारोह आज

**जबलपुर नवभारत।** भारतीय हॉकी के अनमोल रत्न अपने खेल के जादूगर कहे जाने वाले स्व. मेजर ध्यानचंद के 121वें जन्म दिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मानस भवन में महाकौशल क्रीडा परिषद द्वारा महाकौशल खेल रत्न अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

महाकौशल क्षेत्र की विभिन्न खेलों की विभूतियां का सम्मान अंतरराष्ट्रीय खेल सितारों संध्या अग्रवाल पूर्व कप्तान भारतीय महिला क्रिकेट टीम, प्रेमचंद ढींगरा पद्मश्री, अर्जुन अवॉर्डी, महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार प्राप्त, अमनप्रीत सिंह स्ट्रॉंग मैन ऑफ इंडिया इंडियन आइडल के फर्स्ट रनर अप तनिष्क शुक्ला एवं अंतर्राष्ट्रीय कवि सुदीप भोला द्वारा किया जाएगा।

### फुटबॉलर पीटर को मरणोपरांत अलंकृत किया जाएगा

स्व. पीटर थंगराज ओलंपियन, अर्जुन अवॉर्ड प्राप्त फुटबॉल खिलाड़ी को मरणोपरांत महाकौशल खेल शिरोमणि अलंकरण का सम्मान उनके सुपुत्र अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हेरी एंथोनी पीटर को दिया जाएगा एवं हरीश गांधी को



महाकौशल खेल शिरोमणि अलंकरण से नवाजा जाएगा तो वही विक्रम पुरस्कार विजेता सारिका पासी को एथलेटिक महिला व मुन्नालाल को पुरुष वर्ग में, बॉक्सिंग में अब्दुल रब बॉडीबिल्डिंग में लॉरेंस मार्टिन को सम्मानित किया जाएगा।

### वेट लिफ्टिंग में अनूप अवस्थी होंगे सम्मानित

इसके अलावा साइकिलिंग में भूयश कपूर, जूडो में नौशीन अंजुम, कराते में सजल उपाध्याय, वेट लिफ्टिंग में अनूप अवस्थी, तैराकी में मानवी श्रीवास्तव, हॉकी में एल्विन सुशील कुमार, पावरलिफ्टिंग में यशवर्धन सिंह, खो-खो में प्रभात पटेल व अंजलि वर्मा, फुटबॉल में जाइनेक्स मैथ्यूज, वूशु में वीर







सिंह राजपूत, कुश्ती में कमल सोनकर एवं जगदीश कैथल को सम्मानित किया जाएगा।

### कबड्डी में चंदा सोनी व बीना बर्मन होंगी अलंकृत

वॉलीबॉल में डॉ. केबी अग्रवाल, कबड्डी में चंदा सोनी व बीना बर्मन, शतरंज में निश्चय शर्मा, योगासन में दीपा लोधी, क्रिकेट में विक्रम जनसारी, दिव्यांग श्रेणी में पैरापावरलिफ्टिंग खिलाडी गजेंद्र सिंह, कराते में सुशांक पारधी, कुश्ती में चंदन चक्रवर्ती, हॉकी में नौशीन नाज, फुटबॉल में भारती राठौर को महाकौशल खेल रत्न अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

### संस्थाओं को भी किया जाएगा सम्मानित

इसी तरह खेलों को बढ़ावा देने वाली प्रमुख खेल संस्थायें सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव, बुधे गोंड अखाड़ा पनागर, हॉकी फीडर सेंटर रानीताल, कौत्य वेंचर्स रंगभूमि राइट टाउन, पेंचक स्लॉट असोसिएशन को भी सम्मानित किया जाएगा।



# संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे सीएम

## शिवमंदिर में रुद्राभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर खाचरौद के ग्राम चिरोला फंटा में स्थित संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे. आश्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजा-अर्चना कर श्री श्री 1008 सचिदानंद महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर षोडशोपचार पूजन भी किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत श्री निजानंद महाराज के गादी पर पूजा-अर्चना कर आरती की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में उपस्थित संतों का वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. उन्होंने आश्रम में प्रसादी ग्रहण की. मुख्यमंत्री का श्री निजानंद धाम सेवा समिति द्वारा स्वागत सम्मान भी किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में सचिदानंद जी महाराज जी के शिष्य विवेक महाराज से भी मुलाकात की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत श्री निजानंद आश्रम पर आकर दर्शन पूजा की है. यह स्थान देश, प्रदेश और मालवा में सनातन संस्कृति की ऐसी विभूतियों के अलौकिक आभा से परिचित कराता है. हम सब भी ऐसे संतों के आशीर्वाद से सद्कार्य की प्रेरणा पाते हैं. श्री निजानंद जी महाराज के पश्चातवर्ती स्वामी सचिदानंद जी महाराज ने इस स्थान को चेतना देते हुए पूरे क्षेत्र को चैतन्य किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी अपने कामों के साथ अपने संतों की मूल भावना सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: सभी को लेकर चलने का जो कल्याण का भाव है, ये वेद वाक्य को अमरता के साथ धारण करते हुए हम सभी के कल्याण की कामना करें. आश्रम में नागदा-खाचरौद क्षेत्र के विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, राजेश धाकड, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, नरेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित थे.

### खाचरौद में बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खाचरौद हेलीपेड पर पहुंचे. हेलीपेड पर नागदा निवासी श्रीमती माया तितलिया एवं मनीषा अखिलेश शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बांधकर शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्मीयता से बहनों का मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं दी.


**राजधानी**

# जनगणना में ओबीसी का कॉलम जोड़ने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 28 अगस्त. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जनगणना के प्रपत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग की पृथक गणना के लिए कॉलम जोड़ने की मांग की है.**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मध्यप्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि वर्तमान जनगणना के प्रारूप में ओबीसी के लिए अलग से गणना का प्रावधान नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बहुसंख्यक आबादी की वास्तविक संख्या को लेकर भ्रम



की स्थिति बनाए रखना चाहती है. यह स्थिति ओबीसी के हित में नहीं है. उन्होंने कहा कि ओबीसी के हितों की रक्षा और उन्हें आरक्षण का समुचित लाभ दिलाने के लिए ओबीसी की पृथक जनगणना बेहद जरूरी है. भाकपा ने देश के ओबीसी वर्ग से अपने वास्तविक हितों की रक्षा और पृथक जनगणना की मांग को लेकर एकजुट होने की अपील की.

## गणपति घाट पर गेहूं से भरे ट्रॉले में लगी आग

**धार.** राऊ-खलघाट फोरलेन स्थित गणपति घाट की नई सड़क पर बीती देर रात गेहूं से भरे ट्रॉले में अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रॉले को अपनी चपेट में ले लिया.हादसे में ट्रॉला पूरी तरह जलकर खाक हो गया और उसमें भरा लाखों रुपये का गेहूं भी नष्ट हो गया. हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. जानकारी के अनुसार इंदौर की ओर से आ रहे ट्रॉला क्रमांक आरजे 09 जीडी 5887 के पहियों के पास से अचानक आग की लपटें निकलने लगीं. खतरा भांपकर चालक ने तत्काल वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया.

# रेलवे की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

## 31 अगस्त से 3 सितंबर तक होनी थी परीक्षा

**भोपाल, 28 अगस्त. रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल ने केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचना संख्या सीईएन-08/2024 के तहत आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है. यह परीक्षा 31 अगस्त से 3 सितंबर तक, कुल चार दिन, रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित की जानी थी.**

रेलवे प्रशासन के अनुसार जबलपुर शहर में लगातार हो रही अत्यधिक बारिश के कारण रेलवे स्टेडियम के मैदान में जलभराव की स्थिति बन गई है.

मैदान दौड़ के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक नहीं होने तथा आगामी दिनों में भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए अभ्यर्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है. रेलवे ने स्पष्ट किया है कि पीईटी की नई तारीखों की घोषणा जल्द ही अलग से आधिकारिक माध्यमों के जरिए की जाएगी. अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा की नई तिथियों और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट के लिए पश्चिम मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें. रेलवे ने ई-कॉल लेटर के साथ जारी किए गए द्वितीय श्रेणी मुफ्त रेल यात्रा प्राधिकार को लेकर भी महत्वपूर्ण सूचना दी है.



परीक्षा स्थगित होने के कारण यह यात्रा पास अब मान्य नहीं है. अभ्यर्थी इस पास का उपयोग कर यात्रा न करें. अमान्य पास पर यात्रा करने की पूरी जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी की होगी. रेलवे प्रशासन ने अभ्यर्थियों को दलालों और फर्जी नौकरी रैकेट से सावधान रहने की सलाह दी है. रेलवे में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष है और चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है.

## बच्चों से बर्तन साफ कराने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**मुरैना.** शासकीय प्राथमिक विद्यालय खरगपुरा, विकासखंड पोरसा में छात्र-छात्राओं से मध्यान्ह भोजन के बाद बर्तन साफ कराए जाने का वीडियो वायरल होने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश कैन को निलंबित कर दिया गया है. कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदोलिया ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिन में जवाब मांगा था. उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने पर उसे संतोषजनक नहीं पाया गया. प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर सत्यप्रकाश कैन को मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के

# महिलाओं ने हुनर से बढ़ाई परिवार की आय

## राखी मेले में 415 समूह दीदियों ने लिया हिस्सा

**4.79 लाख रुपये की बिक्री**

**मुरैना, 28 अगस्त. जिले में ग्रामीण महिलाएं अपने हुनर और मेहनत को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं. मुरैना में आयोजित चार दिवसीय आजीविका राखी मेले ने महिलाओं को अपने उत्पादों और हुनर को बाजार तक पहुंचाने का अवसर दिया.**

### ▶ आत्मनिर्भरता की राह मजबूत...

मेले ने प्रेमा बघेल जैसी अनेक ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर दिया. महिलाओं का कहना है कि बाजार और प्रोत्साहन मिलने से वे अपने हुनर के जरिए परिवार की आय बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भरता की राह भी मजबूत कर सकती हैं.

तहसील कैलारस की ग्राम पंचायत मानपुर निवासी एवं बजरंग बाबा स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष प्रेमा बघेल ने मेले में नाश्ते की दुकान लगाकर चार दिनों में 19 हजार 500 रुपये की बिक्री की. प्रेमा बघेल ने बताया कि पहले दिन 5,500 रुपये, दूसरे दिन 3,000 रुपये, तीसरे दिन 4,000 रुपये और अंतिम दिन करीब 7,000 रुपये की बिक्री हुई. इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई ।

# अधिकारियों-कर्मचारियों पर नजर रखेगी सरकार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 28 अगस्त. सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों-कर्मचारियों की लेटलतीफी पर अब सरकार सख्त होने जा रही है. शासकीय सेवकों के आने-जाने के समय पर निगरानी के लिए निगाहें और पैनी करने की तैयारी की जा रही है.**

इसके तहत अब तक मंत्रालय से लेकर मैदान तक के अधिकारियों- कर्मचारियों पर नजर रखी जाएगी. राज्य सरकार अब सरकारी कार्यालयों में बायोमैट्रिक अटैंडेंस की व्यवस्था को पूरी तरह अनिवार्य करने की तैयारी में है. इसके लिए अब जिला स्तर पर भी बायोमैट्रिक अटैंडेंस की व्यवस्था लागू की जाएगी.

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में तैयारी शुरू कर दी है. इसके तहत जिला स्तर के सभी कलेक्टर कार्यालयों के साथ ही अलग- अलग विभागों के उप संचालक स्तर कार्यालयों में ये सिस्टम लागू किया जाएगा. जिससे कि शासकीय सेवकों की आवाजाही के समय को नियंत्रित किया जा सके. अभी केवल मंत्रालय में ही ये व्यवस्था लागू की गई है. इसके अलावा चुनिंदा सरकारी कार्यालयों में ही ये व्यवस्था लागू है. दरअसल प्रदेश में सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति के लिए जो समय निर्धारित किया गया है, उस समय से शासकीय सेवक एक से दो घंटे की देरी से पहुंचते हैं. सरकारी कार्यालयों में तय समय के मुताबिक प्रात: 10 बजे पहुंचना होता है।


**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**( भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/28/2026 )**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 81265493 | सप्लाई ऑफ 15 kVA साइलेंट डीजल जनरेटर (DG) सेट | 84 नंबर्स | 15/09/2026 |
| 2. | 40262623 | सेल्फ प्रीमिंग मोनो ब्लॉक पंप 0.5 HP | 1339 नंबर्स | 21/09/2026 |
| 3. | 38264125A | बोगी सेंटर पाइवोट टॉप फार Casnub22HS | 3923 नंबर्स | 28/09/2026 |
| 4. | 40262785A | लौ मेंटेनेंस लीड एसिड बैटरी 290Ah,24V | 51 सेट्स | 28/09/2026 |
| 5. | 20262173 | एलगी मेक सेट ऑफ डिस्क बाल्व असेंबली | 185 सेट्स | 01/10/2026 |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


# बुजुर्गों को लूट रहे 'डिजिटल डॉक्टर'

**ठगी का नया तरीका**

- सेहत से खिलवाड़ का नया जाल
- एआई से बनाए जा रहे फर्जी डॉक्टरों के वीडियो
- डर पैदा कर दवाएं बंद कराने तक की दे रहे सलाह

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 28 अगस्त. सोशल मीडिया पर एआई से तैयार किए जा रहे फर्जी डॉक्टरों के वीडियो बुजुर्गों के लिए नया खतरा बनते जा रहे हैं. सफेद कोट और गले में स्टेथोस्कोप पहने इन नकली डॉक्टरों को देखकर लोग उन्हें असली चिकित्सक समझ लेते हैं. इसके बाद वीडियो में घरेलू नुस्खे, दवाओं को लेकर गलत सलाह और गंभीर बीमारियों के बारे में डर पैदा करने वाले दावे किए जाते हैं.**

इन वीडियो में कभी कहा जाता है कि रात में सोने से पहले सावधानी नहीं बरती तो जान जा सकती है, तो कभी किसी बीमारी को लेकर भय पैदा किया जाता है. इसके बाद चिकित्सक घरेलू नुस्खे अपनाने या डॉक्टर की ओर से पहले से दी गई दवाएं बंद करने जैसी सलाह देते हैं. सेहत से खिलवाड़ के इस नये जाल में भोपाल के दो बुजुर्ग फंस चुके हैं. जिनसे साइबर जालसाज (डिजिटल डॉक्टर) ने अपनी दवा भिजवाने के बहाने 2.13 लाख रुपए ठग लिए. इतना ही नहीं जिस डॉक्टर से उनका इलाज चल रहा था, उसे भी डर दिखाकर बंद करा दिया.

### फर्जी सलाह के फेर में लाखों लोग फंस रहे

वीडियो के टिप्पणी वाले हिस्से में लोगों की प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि कई बुजुर्ग इन एआई से बनाए गए डॉक्टरों को असली समझकर उनकी सलाह पर भरोसा कर रहे हैं. कुछ मामलों में नियमित रूप से ली जाने वाली दवाएं तक बंद करने की बात सामने आई है. पुलिस की जांच में सामने आया कि एआई की मदद से किसी असली डॉक्टर के चेहरे, आवाज और बोलने के अंदाज की नकल करके फर्जी वीडियो तैयार किए जा रहे हैं.


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-टेण्डर नोटिस**

**विद्युत लोको शेड, नई कटनी जंक्शन**

**दिनांक: 25.08.2026**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, (कटनी) म.प्र. भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से पात्रता पूर्ण करने वाले प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारो से निम्न कार्य हेतु सिंगल ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक**-एनकेजे/ टीआरएस/ टी/ 06/26 दिनांक 25.08.2026, **कार्य का नाम**-कॉम्प्रिहेसिव एनुअल मेटिनेंस कॉन्ट्रैक्ट (CAMC) ऑफ M/S Alstom Trasportation India LTD मेक IGBT वेस्ड थ्री फेस ड्राइव प्रोपल्सन इक्यिूपमेंट कम्प्राइजिंग ऑफ ट्रैक्शन कनवर्टर, ऑक्जेलियरी कनवर्टर एण्ड VCU इन 3 फेस WAG/9 लोकोमोटिव ऑफ ईएलएस/ नकज फॉर पीरियड ऑफ 3 इयर्स, **निविदा का अनुमानित मूल्य ( रूपये में )**- 2,74,02,432/-, **निविदा फॉर्म की कीमत ( रुपए में )**-Nil, **बयाना राशि ( रूपये में )**-5,48,100/-, **कार्य समापन अवधि**-36 माह, **निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय**-25.09.2026 को 15:00 बजे तक। **टिप्पणी:** 1. निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र हमारे वेबसाइट "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी मेन्युअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/ टीआरएस/नई कटनी जंक्शन, प. म. रेल्वे के कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की गयी है। 2. निविदाकारो से अनुरोध है कि निविदा खुलने से पहले यदि कोई शुद्धि पत्र जारी किया गया हो तो उसके अनुसार निविदा भरे एवं असफल होने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है। 3. निविदा फॉर्म का मूल्य : निल, जीसीसी अप्रैल 2022 पार्ट-I क्लाज नंबर 3 के अनुसार निविदा फॉर्म का मूल्य निल है। ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकार को फ्री में जारी किए जायेंगे।

(हस्ता.)

सहा. मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



punjab national bank

**पंजाब नेशनल बैंक**

**वाहन नीलामी सूचना**

नीलामी तिथि : 07/09/2026
समय : दोपहर 12 :00 बजे से 5 .30 तक

शाखा : चेरीताल, जबलपुर
जिला : मध्यप्रदेश

अधोलिखित ऋणीयो द्वारा बैंक से लिए गए ऋण न चुकाने के कारण बैंक द्वारा निम्नलिखित प्रतिभूति/ दृष्टि बंधक वाहनों (चल संपत्तियों) का कब्जा लेकर विक्रय का निर्णय किया जाता हैं। इस हेतु आम जनता को सूचित किया जाता हैं। कि अदयोलिखित सम्पति आम नीलामी द्वारा विक्रय की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेकर वाहन खरीद सकते हैं।

**उपलब्ध वाहन विवरण:-**

| क्रं. | ऋणी का नाम | सम्पति का विवरण | खाता क्रमांक - बकाया राशि | नियत मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता : संजय यादव S/o राम दयाल यादव पता : 863 , बॉम्बे बैटरी वाली गली, चेरीताल वार्ड,जबलपुर | वाहन : THREE WHEELER, ( PASSENGER) (3WT) OMEGA SEIKI PVT LTD ELECTRIC AUTO VEHICLE MODEL NAME : STREAM A8 COLOUR - SKYBLUE, E- RICKSHAW Auction Ref No.PUNB6IJ64912540 | अकाउंट नंबर - 802600JK00000012 रजिस्ट्रेशन : MP20ZR4766(26/10/2024) इंजन नंबर -2408E009952 चेसिस नंबर -MD9SA8J24P1565016 बकाया राशि : 3,50,507 + ब्याज | नियत मूल्य Rs. 100000 | EMD : Rs. 25000 |
| 2. | उधारकर्ता : राजेश कुमार दहिया S/o शोभाराम दहिया पता : 1537/1, बल्दी कोरी की दफाई, सिद्ध बाबा वार्ड, जबलपुर | वाहन : THREE WHEELER, ( PASSENGER) Omega Seiki Mobility Stream comes COLOUR - WHITE , E- RICKSHAW Auction Ref No. PUNB6IJ67200768A | अकाउंट नंबर - 802600JK00000030 रजिस्ट्रेशन : MP20ZU0276 रजिस्ट्रेशन की तारीख : 30/01/2025 इंजन नंबर -2411E019667 चेसिस नंबर -MD9STKM24F2565044 बकाया राशि : 3,57,740 + ब्याज | नियत मूल्य Rs. 60000 | EMD : Rs. -20,000 |

**नीलामी की शर्तें:-**

(1) संपत्ति का विक्रय बैंक द्वारा ऋणी दस्तावेजो के प्रावधानों के अनुसार एवं जहाँ है जैसा हैं के आधार पर किया जाएगा।
(2) सम्पत्ति का विक्रय ऊपर दर्शाए नियत मूल्य से कम नहीं किया जाएगा।
(3) यह नीलामी बिक्री ई-नीलामी पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से "ऑनलाइन" होगी।
(4)कृपया वाहन निरीक्षण हेतु कार्यालयीन समय में नियमानुसार संपर्क करे।
(5) अधिकतम राशि के बोली कर्ता को सफल क्रेता घोषित किया जाएगा। तथा अग्रिम जमा धरोहर राशि को विक्रय मूल्य में समायोजित कर लिया जाएगा।
(6) सफल क्रेता को विक्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (जिसमे अग्रिम जमा धरोहर राशि, शामिल होगी) बोली समाप्त होने के बाद तत्काल करनी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि विक्रय की दिनांक से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी, उक्त प्रकार से राशि जमा करने में असफल रहने की दिशा में पूर्व जमा राशि को जप्त कर लिया जाएगा।
(7) संपत्ति के विक्रय पश्चात उसके स्थानांतरण, टैक्स, बीमा एवं आरटीओ संबंधित समस्त खर्चा क्रेता को वहन करने होंगे।
(8) उपरोक्त दिनांक को किसी कारणवश संपत्ति को विक्रय न हो पाने की स्थिति में, बैंक संपत्ति को पुन : विक्रय हेतु स्वतंत्र होगा, जिसकी सूचना संबंधित शाखा बोर्ड पर सूचनार्थ लगाई जाएगी एवं अलग से प्रकाशित करने हेतु बैंक बाध्य नही रहेगा।
(9) इस सूचना के माध्यम से संबंधित ऋणियों/ जमानतदारों को विक्रय करने की वैधानिक सूचना दी जा रही हैं। विक्रय हेतु नियत तिथि तक बकाया ऋणी राशि, ब्याज एवं समस्त खर्चों का भुगतान ना होने की स्थिति में संपत्ति का विक्रय कर दिया जाएगा। विक्रय के पश्चात किसी देयता के शेष रहने पर बैंक ऋणी/ जमानतदार के विरुद्ध वसूली की वैधानिक कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा।
(10) संबंधित ऋणी/गारंटर या अन्य आम नागरिक उक्त विक्रय में ई-नीलामी पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से धरोहर राशि (EMD) जमा करके नीलामी दिनांक को निर्धारित समय पर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
(11) बैंक को किसी या सभी बोली प्रस्तावों को बिना कोई कारण बताये स्वीकृति या अस्वीकृति करने एवं किसी भी नियम या शर्त को संशोधित या रद्द करने का अधिकार हैं।

दिनांक :- 27/08/2026

संपर्क- (विनोद भसीन)
मोबाइल- 9303074746

प्राधिकृत अधिकारी
(संजीव कुमार)
+91 89899 96918



**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग विभाग-खुली निविदा**

निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.-01-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी.-159-2026 दि. 21.08.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत अमदरा स्टेशन के मौजूदा प्लेटफॉर्म नंबर 2 को रेल लेवल/लो लेवल से हाई लेवल से प्लेटफॉर्म में ऊंचा करने का कार्य। (कार्य का हिस्सा :- सोहागपुर, बोहानी, भिटोनी, भेड़ाघाट, अमदरा, मार्कुंडी एवं लगरगवां स्टेशन कुल 7 स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों को रेल लेवल/लो लेवल से हाई लेवल स्तर तक ऊंचा करने के कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपये**-1,57,21,062/-, **बयाना राशि रुपए**-3,14,400/-, **समापन अवधि**-12 माह, **क्र. सं.-02-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी.-160-2026 दि. 21.08.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-मदन महल स्टेशन पर त्वरित जल आपूर्ति व्यवस्था, सहायक मंडल अभियंता/मुख्य/जबलपुर उप-मंडल के अधीन, मदन महल स्टेशन पर 5.00 लाख लीटर क्षमता एवं 21.00 मीटर स्टेजिंग ऊँचाई वाले ओवरहेड टैंक तथा 2.25 लाख लीटर क्षमता वाले भूमिगत टैंक का निर्माण, प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 एवं 4 के मध्य कैरिज वाटरिंग लाइन सहित, हाऊबाग/भूमिगत टैंक से त्वरित जल आपूर्ति व्यवस्था के लिए 300 मिमी व्यास की पाइपलाइन का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -3,77,28,448/-, **बयाना राशि रुपए**-7,54,600/-, **समापन अवधि**-12 माह, **क्र. सं.-03-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी.-161-2026 दि. 21.08.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप-मंडल के अंतर्गत बोहानी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म ऊंचा करने के कार्य और बोहानी स्टेशन पर ओ.एफ.सी. हट का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -1,96,63,498/-, **बयाना राशि रुपए**-3,93,300/-, **समापन अवधि**-10 माह, **क्र. सं.-04-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी.-162-2026 दि. 21.08.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप-मंडल के अंतर्गत भिटोनी स्टेशन (भिटोनी - प्लेटफार्म क्र.1) पर प्लेटफॉर्म ऊंचा करने के कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -1,87,08,321/-, **बयाना राशि रुपए**-3,74,200/-, **समापन अवधि**-10 माह, **क्र. सं.-05-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी.-163-2026 दि. 21.08.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप-मंडल के अंतर्गत भेडाघाट स्टेशन (भेडाघाट- प्लेटफार्म क्र. 2) पर प्लेटफॉर्म ऊंचा करने के कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -1,86,36,053/-, **बयाना राशि रुपए**-3,72,700/-, **समापन अवधि**-10 माह, **क्र. सं.-06-निविदा सूचना क्रमांक**-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी.-164-2026 दि. 21.08.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर), जबलपुर के क्षेत्राधिकार में दो विविध कार्य :-**भाग-1 :** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत लगरगवां स्टेशन के प्लेटफॉर्म को रेल लेवल/लो लेवल से हाई लेवल प्लेटफॉर्म में ऊंचा करने का कार्य । **कार्य का हिस्सा :-** जबलपुर मंडल के सोहागपुर, बहोनी, भिटोनी, भेड़ाघाट, अमदरा, मार्कुंडी एवं लगरगवां स्टेशन कुल 7 स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों को रेल लेवल/लो लेवल से हाई लेवल स्तर तक ऊंचा करने के कार्य। **भाग-2 :** सहायक मंडल अभियंता (उत्तर), सतना उप-मंडल के अंतर्गत बीसीएन डिपो, सतना स्थित विद्युत उप केंद्र में पैनल कक्ष के निर्माण का कार्य । (कार्य का हिस्सा :- जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पैनल कक्ष उपलब्ध कराने का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य** -2,07,61,616/-, **बयाना राशि रुपए**-4,15,200/-, **समापन अवधि**-12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं ( क्र. सं. 01-06 ) के प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 15.00 बजे तक-15.09.2026 है। **उपरोक्त सभी निविदाओं ( क्र. सं. 01-06 ) के खुलने की तिथि एवं समय** 15.15 बजे-15.09.2026 है। उपरोक्त ई- निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी बेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर